जुनून | बैडमिंटन है जुनून और क्रिकेट मनोरंजन

57 की उम्र में भी युवाओं को दे रहीं चुनौती

जबलपुर। ग्वारीघाट रेतनाका स्थित वियाना स्पोर्ट्स एरीना में इन दिनों महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले चल रहे हैं। मैदान पर जब 57 वर्षीय डॉ. शालिनी यादव बल्लेबाजी के लिए उतरती हैं तो दर्शकों की नजरें उन पर टिक जाती हैं। तेज दौड़, गेंद पर पैनी नजर और चौके-छक्के लगाने का उनका अंदाज युवाओं को भी हैरान कर देता है। बोलिंग में भी अब तक के तीनों सीजन में कई बार मैन ऑफ द मैच रह चुकी है उम्र के इस पड़ाव पर भी उनकी ऊर्जा और फिटनेस कई युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

क्रिकेट से फिटनेस, बैडमिंटन से पहचान

हालांकि क्रिकेट उनके लिए केवल मनोरंजन और फिटनेस का माध्यम है। उनकी असली पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में है। खेल अधिकारी के रूप में कार्यरत डॉ. शालिनी यादव का मानना है कि खेल व्यक्ति को अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतर जीवनशैली प्रदान करता है।

महिला प्रीमियर लीग में लगातार सफलता

वियाना स्पोर्ट्स एरीना द्वारा आयोजित महिला प्रीमियर लीग में उनकी टीम 'स्टार स्ट्राइकर' पिछले तीन सीजन से लगातार चैंपियन बन रही है। इस बार भी टीम ने शुरुआती तीनों लीग मुकाबले जीतकर खिताब की दावेदारी मजबूत कर दी है। डॉ. यादव बताती हैं कि क्रिकेट उन्हें टीम भावना और प्रतिस्पर्धा का आनंद देता है, जबकि बैडमिंटन उनका जुनून है।

भारत की नंबर-1 मास्टर्स बैडमिंटन खिलाड़ी रहीं

डॉ. शालिनी यादव वर्ष 2017 से मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में लगातार भाग ले रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते हैं। वर्ष 2019 से 2025 तक लगातार ऑल इंडिया मास्टर्स रैंकिंग एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर वे भारत की नंबर-1 खिलाड़ी बनीं।

विश्व मंच पर बढ़ाया देश और प्रदेश का मान

शालिनी ने दक्षिण कोरिया, पोलैंड और थाईलैंड में आयोजित विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश, मध्यप्रदेश और जबलपुर का गौरव बढ़ाया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनका प्रदर्शन खेल जगत के लिए प्रेरणादायक रहा है।

हालिया प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन

हाल ही में आगरा में आयोजित ऑल इंडिया रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में उन्होंने महिला एकल में स्वर्ण, महिला युगल में रजत और मिश्रित युगल में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं गोवा में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल का स्वर्ण और महिला युगल का कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता फिर साबित की।

शिक्षा और शोध के क्षेत्र में भी योगदान

खेल के साथ-साथ शिक्षा जगत में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने1995 यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण की 2004 से 2019 तक रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में व्याख्याता के रूप में सेवाएं दीं। वर्ष 2005 में पीएचडी पूर्ण की तथा खेल विज्ञान और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में उनके कई शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

उम्र नहीं, जुनून तय करता है मंजिल

डॉ. शालिनी यादव की कहानी यह संदेश देती है कि उम्र कभी भी सपनों और उपलब्धियों की राह में बाधा नहीं बनती। यदि जुनून, अनुशासन और निरंतर अभ्यास हो तो जीवन के हर पड़ाव पर नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं। बैडमिंटन कोर्ट से लेकर क्रिकेट मैदान तक उनकी सक्रियता आज की पीढ़ी के लिए एक प्रेरक उदाहरण है।

प्रशिक्षणार्थी सीख रहे ताइक्वांडो एवं जु-जित्सु के गुर

▶ शिविर में पंच, किक, ब्लॉक, थ्रो, लॉकिंग सिस्टम, फॉल ब्रेकिंग व आत्मरक्षा का दिया जा रहा प्रशिक्षण

जबलपुर नवभारत। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जबलपुर के निर्देशन में मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविरों में बच्चों एवं युवाओं को ताइक्वांडो एवं जु-जित्सु का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह शिविर रॉक फोर्ड सॉफ्टसोल कंप्यूटर एकेडमी, महानद्दा मदन महल, ओम साई कॉन्वेंट स्कूल बिलहरी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुलौआ चौक कछपुरा तथा हंसा हायर सेकेंडरी स्कूल बरेला में आयोजित किए जा रहे हैं। संस्था के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव के मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षक जयराज चौधरी के प्रशिक्षण में खिलाड़ी ताइक्वांडो और जु-जित्सु की आधुनिक तकनीकों, आत्मरक्षा, अनुशासन एवं नेतृत्व कौशल का अभ्यास कर रहे हैं। शिविर में पंच, किक, ब्लॉक, थ्रो, लॉकिंग सिस्टम, फॉल ब्रेकिंग तथा सेल्फ डिफेंस की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया जा रहा प्रेरित

राजकुमार यादव ने बताया कि मार्शल आर्ट केवल खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासन, समय प्रबंधन, शारीरिक फिटनेस और सकारात्मक सोच का विकास होता है। साथ ही उन्हें नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

प्रतियोगितात्मक तैयारी भी कराई जा रही

जयराज चौधरी ने बताया कि खिलाड़ियों को प्रतियोगितात्मक तैयारी भी कराई जा रही है ताकि वे भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन अवसर पर 14 जून को एक दिवसीय ताइक्वांडो एवं जु-जित्सु प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस खेलकूद का शुभारंभ

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह ने पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति में पुलिस परेड ग्राउंड में 25वीं पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस आयोजन में जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, रेडियो जबलपुर, रेल जबलपुर, पीटीएस रीवा, पीटीएस उमरिया, मऊगंज, मैहर, पांढुर्णा, बालाघाट, मंडला, सिंगरौली, उमरिया, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, सीधी, सतना और रीवा सहित कुल 22 इकाइयों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य अतिथि अतुल सिंह और पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय का स्वागत पुष्पगुच्छ और पुलिस बैंड द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता शुरू करने की घोषणा की और कहा कि पुलिस की व्यस्तता के बीच खिलाड़ियों के स्वास्थ्य व तनाव मुक्ति के लिए जोनल स्पोर्ट्स का विशेष महत्व है।

14 जून तक होंगे कई खेल

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने गणमान्य नागरिकों, खेल संघ पदाधिकारियों, मीडिया कर्मियों और खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए बताया कि 10 जून से शुरू हुई इस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 14 जून को होगा, जिसमें हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट सहित व्यक्तिगत स्पर्धाओं में बैडमिंटन, जूडो, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और एथलेटिक्स की 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर दौड़, लांगजम्प, हाईजम्प, ट्रिपलजम्प, जेवलिनथ्रो, शॉटपुट, हेमरथ्रो, 4x100 रिले और 4x400 रिले शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन इस वर्ष भोपाल में आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2026 के लिए किया जाएगा। उन्होंने जोनल स्पोर्ट्स के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा सहित समस्त अतिरिक्त व नगर पुलिस अधीक्षकों को बधाई दी।

महिला वर्ग की दौड़ में रीवा अव्वल

प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर वूशु खेल का प्रदर्शन किया गया और आयोजित हुई 100 मीटर महिला वर्ग की दौड़ में रीवा जिले की रंजना रावत ने प्रथम, रीवा की ही प्रतिमा जयसवाल ने द्वितीय तथा छिंदवाड़ा की कंचन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेंद्र सिंह, जोनल स्पोर्ट्स ऑफिसर सूर्यकांत शर्मा, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य, समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी व पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

रिटायर्ड पीडब्लूडी कर्मचारी का मोबाइल हैक कर 2.13 लाख की ठगी

▶ तीन बैंकों के 5 खातों में लगाई सेंध

नवभारत,जबलपुर। लार्डगंज में रहने वाले एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी का साइबर ठग ने मोबाइल हैक कर उनके पूरे परिवार की जमापूंजी पर हाथ साफ कर दिया। ठगों ने पीड़ित, उनकी बुजुर्ग मां और पत्नी के अलग-अलग बैंकों में स्थित 5 खातों से किस्तों में कुल 2,13,478 उड़ा लिए। लार्डगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, लार्डगंज निवासी 63 वर्षीय आनंद जायसवाल पीडब्लूडी विभाग से सेवानिवृत्त हैं। उनका आईडीएफसी फर्स्ट बैंक करमेता में खाता है। इसके अलावा उनका अपनी मां कला जायसवाल के साथ बैंक ऑफ इंडिया में जॉइंट अकाउंट है। उनकी मां का यूको बैंक राइट टाउन व आशीर्वाद मार्केट में पेंशन खाता है, और पत्नी माया जायसवाल का भी यूको बैंक राइट टाउन में खाता है। इन सभी 5 खातों में आनंद जायसवाल का एक ही मोबाइल नंबर लिंक था। अज्ञात जालसाज ने उनका यही मोबाइल नंबर हैक कर लिया, जिससे ट्रांजेक्शन के मैसेज पीड़ित को नहीं मिल सके। शातिर ठग ने मोबाइल का एक्सेस मिलते ही आनंद जायसवाल, उनकी मां और पत्नी के खातों से धीरे-धीरे पैसे गायब करना शुरू किया। जब पीड़ित को खातों से कुल 2,13,478 पार होने की भनक लगी, तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद पीड़ित ने तुरंत थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

जीसीएफ कर्मी के खाते से 2.82 लाख पार- जीसीएफ कर्मी के खाते से ठग ने 2.82 लाख रुपये पार कर दिए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गढ़ा फाटक निवासी 41 वर्षीय नितिन साह जीसीएफ में कार्यरत हैं। उनका अकाउंट पंजाब नेशनल बैंक की जवाहरगंज शाखा में है। नितिन अपनी बेटी की सुकन्या समृद्धि योजना में पैसे ट्रांसफर करने के लिए अपना अकाउंट चेक कर रहे थे। नितिन ने जैसे ही अपने मोबाइल पर ऑनलाइन पासबुक चेक की, उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। खाते में केवल 33,000 रुपये बचे थे। जबकि कुछ समय पहले तक उनके अकाउंट में 3,17,000 रुपये जमा थे। जब उन्होंने स्टेटमेंट खंगाला तो पता चला कि जालसाजों ने कुल 2,82,000 रुपये साफ कर दिए थे।

डिक्की लॉक तोड़कर शिक्षिका का बैग पार

▶ डोसा खाने रुकी थीं दो बहनें, स्कूटी की डिक्की से नगद व जेवरात पार

नवभारत, जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत मस्ताना चौक पर शिक्षिका की स्कूटी की डिक्की खोलकर अज्ञात शातिर चोर ने नगदी, सोने-चांदी के जेवरात और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा हैंडबैग पार कर दिया। वारदात उस वक्त हुई जब पीड़िता अपनी बहन के साथ डोसा खाने गई थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर हुलिए के आधार पर संदेही और सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक चंद्रमोहन नगर मानेगांव निवासी 38 वर्षीय श्रीमती रेखा खन्ना सेंट मेरी स्कूल में शिक्षिका हैं। उन्होंने एसबीआई एटीएम से 15 हजार रुपये निकाले थे। 5 हजार रुपये उनके पास पहले से थे। कुल 20 हजार रुपये नगद, एक सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, ड्राइविंग लाइसेंस, यूनियन व यूको बैंक के एटीएम कार्ड और आजाद नगर पोस्ट ऑफिस की पासबुक उन्होंने अपने भूरे रंग के हैंडबैग में रखे थे। इस बैग को स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस क्यू 4614 की डिक्की में लॉक कर वह अपनी बहन ललिता खन्ना के साथ मस्ताना चौक स्थित डोसा सेंटर चली गईं। डोसा खाने के बाद जब रेखा खन्ना दुकानदार को खुले पैसे देने के लिए अपनी स्कूटी के पास वापस लौटीं, तो डिक्की का लॉक खुला हुआ था। डिक्की के अंदर रखा कीमती हैंडबैग गायब था। पुलिस ने पीड़ित शिक्षिका की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस डोसा सेंटर और मस्ताना चौक के आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोर की पहचान की जा सके।

In The Court Of XVIII Additional District Session Judge, District Court, Jabalpur
Presiding Officer : गौरव प्रग्यानन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RAC/0000059/2026)

सजलदास.....वादी
Vs
आम जनता.....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक :- 18/08/2026

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जिला जबलपुर मप्र ।
यह कि प्रार्थी सजलदास ने आपके विरूद्ध आरसीए । प्रथम व्यवहार अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 । के लिए अपील संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपील का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस अपील में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो अपील की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 04 June 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया हैं।
न्यायालय की मुद्रा
सील
न्यायाधीश
गौरव प्रग्यानन
जिला न्यायाधीश जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में जबलपुर के अवियान्श को दो कांस्य पदक

नवभारत, जबलपुर। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा देहरादून के परेड ग्राउंड मल्टीपरपस हॉल में 4 से 7 जून तक सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2026 आयोजित की गई, जिसमें जबलपुर के अवियान्श मेश्राम ने दो कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। मास्टर संघ कराटे एकेडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर ने बताया कि अवियान्स ने पहला कांस्य पदक 8 वर्ष आयु वर्ग के 20द्मद्द फाइट में और दूसरा कांस्य पदक काता स्पर्धा में हासिल किया। इस प्रतियोगिता में टीम के कोच की भूमिका भगवान दास ने निभाई, और अवियान्श की इस शानदार सफलता पर एकेडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर सहित सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

अण्डर 13 संभागीय टीम की चयन ट्रायल आज

टीम के खिलाड़ियों का चयन एमपीसीए के चयनकर्ताओं द्वारा किया जायेगा

जबलपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा प्रयोगात्मक रूप से मल्टी-डेज अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अंडर 13 एवं अंडर 15 की 2 टीमें शामिल करने का प्रस्ताव है। इन दोनों टीमों के खिलाड़ियों का चयन एमपीसीए के चयनकर्ताओं द्वारा किया जायेगा। इसके लिए बालक वर्ग 13 एवं बालक वर्ग 15 के लिए सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन 11 एवं 12 जून को किया जा रहा है।

जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक द्वारा दी गईजानकारी के अनुसार बालक वर्ग 13 की सिलेक्शन ट्रायल 11 जून एवं बालक वर्ग 15 की सिलेक्शन ट्रायल 12 जून को आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया ओलंपिक ग्राउंड खमरिया में सुबह 9 बजे से आयोजित की होगी।

डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट लाना आवश्यक

बालक वर्ग अण्डर13 की संभागीय टीम हेतु सिलेक्शन ट्रायल जिसकी कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2013 से 31 अगस्त 2016 एवं बालक वर्ग अण्डर 15 के लिए कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 है। सभी खिलाड़ी अपनी जन्मतिथि के लिए डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट एवं आधार कार्ड लेकर उपस्थित रहे। जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलो एवं सभी क्लबों और एकेडमियो को सूचित किया जाता है कि इस चयन प्रक्रिया मे अपने अपने क्लबों एवं एकेडमियो के रजिस्टर्ड खिलाडियों को भेजे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

निविदा-सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	न.नि.ज./प्रकाश/2026-27/12/पी.आर.ओ./280 दिनांक 10/06/2026	Temporary DG Set Arrangement for Jabalpur Municipal Corporation, Jabalpur.	12 माह एवं 492000/-	2000/- एवं 5000/-	27/06/2026 (1ST Call)

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
कार्यपालन यंत्री(विद्युतीय) नगर पालिक निगम, जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

//तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत(लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO-286 Date- 10/06/2026	संभाग क्र. 09 लालमाटी अंतर्गत कुचबंधिया समाज के शमशाम घाट का विकास कार्य।	06 माह	10000/-	22/06/2026
	Tender ID No. 2026_UAD_512835_1		53.18 लाख	39885/-	

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय नगर परिषद कटंगी, जिला - जबलपुर (म.प्र.)

(Phone and Fax No.: 07621-268627, Email: cmokataangijabalpur@mpurban.gov.in)
Website: www.npkatangijbp.com
पत्र क्रं ./827/ई-टेण्डर/2026-27 कटंगी, दिनांक :- 10/06/2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2026_UAD_511723_1 01.06.2026	वार्ड क्र. 01 रानी दुर्गावती वार्ड में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य।	04 माह 1018220.00	2000.00 7640.00	06/07/2026
2.	2026_UAD_511724_1 01.06.2026	वार्ड क्र. 02 महात्मा गांधी वार्ड में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य।	04 माह 1018220.00	2000.00 7640.00	06/07/2026
3.	2026_UAD_511725_1 01.06.2026	वार्ड क्र. 05 महावीर वार्ड में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य।	04 माह 1018220.00	2000.00 7640.00	06/07/2026
4.	2026_UAD_511726_1 01.06.2026	वार्ड क्र. 07 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य।	04 माह 1018220.00	2000.00 7640.00	06/07/2026
5.	2026_UAD_511727_1 01.06.2026	वार्ड क्र. 08 में ईदगाह के पास आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य।	04 माह 1018220.00	2000.00 7640.00	06/07/2026
6.	2026_UAD_511728_1 01.06.2026	वार्ड क्र. 12 तिलक वार्ड में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य।	04 माह 1018220.00	2000.00 7640.00	06/07/2026
7.	2026_UAD_511729_1 01.06.2026	वार्ड क्र. 15 देवगवा वार्ड में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य।	04 माह 1018220.00	2000.00 7640.00	06/07/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कटंगी

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम
क्षेत्रीय कार्यालय - रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर - 482001
ई-मेल: crld.jabalpur@unionbankofindia.bank.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विषेष रूप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता हैं की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को ''जहां है जैसा है'' और ''जो कुंछ भी है'' के आधार पर दिनांक 14.07.2026, दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं से निम्नलिखित बाकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृत की जानकारी निम्नानुसार है।

क्र.	ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम	संपत्ति का विवरण	बकाया राशि (रू.)	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं.
1.	उधारकर्ता - श्री वीनस अवधिया पुत्र कृष्णा कृष्ण अवधिया पता: गंगा नगर, किदवई वार्ड नंबर 21, तहसील और जिला- सिवनी, म.प्र. गारंटर - श्री कृष्ण कुमार अवधिया पता: गंगा नगर, किदवई वार्ड नंबर 21, तहसील और जिला। सिवनी, म.प्र	स्टॉक और रिहायशी ज़मीन व बिल्डिंग का वह पूरा हिस्सा जो खसरा नंबर 54/131, PC नंबर 56/103, RI सर्कल सिवनी (तहसील और ज़िला सिवनी, M.P.) में स्थित है और जिसका क्षेत्रफल 1440 वर्ग फ़ीट है। श्री कृष्ण कुमार अवधिया (खरीदार) और श्री गोविंद प्रसाद (विक्रेता) के बीच रजिस्टर्ड सेल डीड के अनुसार सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर - रेलवे लाइन, दक्षिण - सड़क, पूर्व - कृष्ण कुमार पांडे का प्लॉट, पश्चिम - V.R. गजभिये का घर।	Rs.1111449.00 with further Interest, cost & expenses	Rs.20,10,000/- Rs. 2,01,000/-	Vijay Kumar 9935692217
2.	उधारकर्ता - प्रोप एमएस के माध्यम से मेसर्स जय माता पार्वती एंटरप्राइजेज मुस्कान जयसवाल पुत्री राम प्रताप जयसवाल, 2. राम प्रताप जयसवाल पुत्र मिठाई लाल जयसवाल	हंसिका सिटी में स्थित डायवर्टेड ज़मीन का वह पूरा हिस्सा - प्लॉट नंबर: 168, खसरा नंबर: 577/3 (नया खसरा नंबर: 577/65), पीसी नंबर: 31, एरिया 2500 वर्ग फ़ीट, गाँव देवडोंगरा, ज़िला कटनी में। यह ज़मीन स्वर्गीय श्रीमती इंदु जायसवाल के उत्तराधिकार के बाद उनके पति रामप्रताप जायसवाल के नाम पर है। टाइटल डीड के अनुसार सीमाएँ – उत्तर – प्लॉट नंबर 170 की ज़मीन, दक्षिण – प्लॉट नंबर 167 की ज़मीन, पूर्व – प्रस्तावित सड़क, पश्चिम – प्लॉट नंबर 161 और 162 की ज़मीन।	Rs.1204982.78 with further Interest, cost & expenses	Rs 9,60,000/- Rs 96,000/-	Dinesh Kumar 8953006213
3.	उधारकर्ता - श्रीमती. रबिया बेगम पत्नी शब्बीर अंसारी और 2. एमआर. हसरत अंसारी पता: 2058 अहमद नगर, अमेखेरा, चितरंजन वार्ड, गोहलपुर, जबलपुर, म.प्र-482004	मौज़ा गोहलपुर, N B NO 601, PC no 24/2, RI सर्कल जबलपुर-1 में स्थित प्लॉट का पूरा हिस्सा; खसरा नंबर 201/3 (म्यूटेशन के बाद खसरा नंबर 201/06 का हिस्सा), डायवर्ज़न खसरा नंबर 206/1, प्लॉट नंबर 35, एरिया 840 वर्ग फ़ीट, हाउस नंबर 307/9, AR, चितरंजन वार्ड, तहसील और ज़िला जबलपुर, M.P.- 482004 सीमाएँ: उत्तर – प्लॉट नंबर 36, दक्षिण – प्लॉट नंबर 34, पूर्व – सड़क की तरफ़, पश्चिम – पड़ोसी की प्रॉपर्टी।	Rs.2021670.00 with further Interest, cost & expenses	Rs 37,75,000/- Rs 3,77,500/-	Vivek Katiya 8871402030
4.	उधारकर्ता - श्री राजेश गुजराती पता: विनोबा नगर, दीवान आधार सिंह वार्ड, अधारताल जबलपुर, म.प्र-482004 2. एमआर सुंदर गुजराती पुत्र बंसीलाल (गारंटर) पता: 1462, विनोबा नगर दीवान आधार सिंह वार्ड, अधारताल जबलपुर, म.प्र-482004 3. श्रीमती. जिग्रा गुजराती पत्नी राम गुजराती (गारंटर) पता: गुजराती मोहल्ला, विनोबा नगर दीवान आधार सिंह वार्ड, अधारताल जबलपुर, म.प्र-482004	अचल संपत्ति का पूरा हिस्सा, जो मौज़ा आधारताल, N B NO 06, PC NO 22/25, New 02, RI सर्कल जबलपुर-1 में स्थित है; म्यूटेशन P-II का हिस्सा (खसरा नंबर 141/2, 142/2, 149/6), डायवर्जन शीट नंबर 05, प्लॉट नंबर 16, एरिया = 30/35 = 1050 वर्ग फुट, मकान नंबर 200/4, तहसील और ज़िला जबलपुर, M.P.-482004। सीमाएँ - उत्तर – प्लॉट नंबर 15 (गुजराती जी का घर), दक्षिण – प्लॉट नंबर 17 (जोशी जी का घर), पूर्व - खुली ज़मीन (गिरधर का घर), पश्चिम – साइड रोड।	Rs.972728.00 with further Interest, cost & expenses	Rs 23,25,000/- Rs